## खबर संक्षेप



### दो युवक से 60 लीटर कच्ची शराब की जब्त

**ढीमरखेड़ा।** कछारगांव ग्राम पंचायत के सामने शराब अवैध परिवहन करते पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास एक बाइक और 24 हजार रुपए की 60 लीटर अवैध शराब जब्त की है। दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक कछारगांव ग्राम पंचायत के सामने सड़क किनारे शराब लाकर अवैध रूप से बेच रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने वहां पर दबिश दी। जहां पर दो युवक 60 लीटर कच्ची शराब के साथ मिले। पुलिस ने शराब और बाइक जब्त कर आरोपी शंभू पिता कमल सिंह 40 और हल्का गांव निवासी दूप पिता धन सिंह 40 को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

### जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक कल

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले के शासकीय विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं और परियोजनाओं में आपदा निवारण और शमन के लिए जिला स्तर पर की तैयारियों की समीक्षा हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक अब शुक्रवार 28 जून को अपरान्ह 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा आयोजित बैठक मे महापौर नगर निगम, अध्यक्ष जिला पंचायत सहित पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग से उपस्थित रहने का आग्रह किया है। अपर कलेक्टर द्वारा संबंधित विभाग प्रमुखों को आयोजित बैठक मे निर्धारित एजेंड़ा अनुसार विभाग से संबंधित जानकारी एवं तैयारी के साथ उपस्थित होनें के साथ ही विभाग प्रमुखों को तैयार जानकारी की पीपीटी हार्ड एवं साफ्ट कापी में राहत शाखा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

### अतिथि शिक्षकों के भरोसे कन्या हाई स्कूल खितौली

**बरही।** तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत खितौली में कन्या हाई स्कूल तो चालू हुए काफी समय हो चुके भवन का निर्माण भी हो गया लेकिन स्कूल में कोई शिक्षक नहीं है कन्या मिडिल स्कूल के शिक्षक को प्रभार देकर काम कराया जा रहा है ऐसे में कन्या मिडिल स्कूल में भी शिक्षा प्रभावित हो रही है, भाजपा मंडल खितौली महामंत्री मनोज तिवारी ने बताया कि कन्या हाई स्कूल अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रही है अभी तक इस सत्र में अतिथि शिक्षकों की भर्ती न होने के कारण छात्राओं को एडमिशन कराने में भी दिक्कत हो रही है, भाजपा मंडल महामंत्री ने कलेक्टर का ध्यानाकर्षण कराया है कि अतिशीघ्र शिक्षकों की व्यवस्था की जाये ताकि भविष्य से खिलवाड़ ना होने पाए ।

## जिले के विकास एवं असहायों व जरूरतमंदों की मदद के मामले में जितने संवेदनशील, मनमानी पर उतने ही सख्त

# एक्शन में कलेक्टर, एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्रवाई

## फायर प्लान एप्रूवल हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं करने वाले 19 गैस गोदाम संचालकों पर लगा 54 लाख से अधिक का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के गैस गोदामों मे अग्निशमन उपकरणों की स्थापना एवं फायर प्लान एप्रूवल, फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट की अनिवार्यता के संबंध में कलेक्टर अवि प्रसाद के सख्त रूख के बाद जिले के 19 गैस गोदाम संचालकों को फायर प्लान एप्रूवल हेतु एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत आवेदन प्रस्तुत नहीं करना भारी पड़ा। इनमें से प्रत्येक गैस संचालक के विरूद्ध 2 लाख 86 हजार 500 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। इस प्रकार सभी 19 गैस संचालकों को मिलाकर 54 लाख 43 हजार 500 रूपये का जुर्माना लगाते हुए यह राशि 7 दिवस के अंदर संबंधित नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत निकाय के कोष में जमा करनें के निर्देश दिए है। जिला प्रशासन के फायर प्लान एप्रूवल और फायर सर्टिफेट की बाध्यता के कडे निर्देश के बाद गैस संचालकों मे हड़कंप मच गया है।

### इन पर लगाया गया अर्थदण्ड

अपर कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जिन 19 गैस गोदाम संचालकों को पृथक - पृथक अर्थदंड अधिरोपित किया है उनमें मां कंकाली गैस एजेंसी प्रकाश सिंह बागरी, सिलौडी इंडेन ग्रामीण वितरक प्रशांत कुमार राय तहसील ढीमरखेडा, समर्थ सेवा एच पी गैस बाकल मुकेश जैन तहसील बहोरीबंद, अमिता एच पी गैस ग्रामीण वितरक पिपरियाकलां हर्ष तिवारी तहसील बरही, अपूर्वा गैस एजेंसी बरही (एचपीसी वितरक) अजय गुप्ता तहसील बरही, विलायतकलां इंडेन ग्रामीण वितरक विनय कुमार गौतम तहसील बडवारा, चंद्रकांता एचपी ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी के कार्तिक चड्डा तहसील बडवारा, गोल्डी गैस एजेंसी कैमोर (एचपीसी वितरक) पुष्पा सिंह तहसील विजयराघवगढ़, चतुर्वेदी गैस एजेंसी प्रवीण कुमार चतुर्वेदी तहसील कटनी, उषा गैस एजेंसी, आदर्श कालोनी (बी.पी.सी. वितरक) गर्ग जी तहसील कटनी, मेसर्स कटनी गैस एजेंसी सुधार न्यास कालोनी (एच.पी.सी. वितरक) बसंती ठाकुर ,प्रतीक धुव्रे तहसील कटनी, मे. गुप्ता ब्रदर्स, नदी पार (एचपीसी वितरक) मुकेश गुप्ता तहसील कटनी, पुरूषोत्तम गैस एजेंसी हीरागंज कटनी (एचपीसी वितरक) अभय बगडिया तहसील कटनी, अशोक गैस एजेंसी गढ्डाटोला, लखेरा श्री अशोक यादव तहसील कटनी, इण्डेन गैस एजेंसी सतीश पटेल तहसील कटनी, वुमेंस वेल्फेयर एसोसिएशन आर्डिनेंस फैक्ट्री (इंडेन गैस वितरक) आशीष यादव तहसील कटनी, सेंट्रल रेल्वे एमप्लाइज को-आपरेटिव सोसयटी लिमिटेड न्यू कटनी जंक्शन शिवमंगल प्रसाद तहसील कटनी, गोदाना इंडेन ग्रामीण वितरक घनश्याम पटेल तहसील रीठी अनुज गैस एजेंसी (भारत गैस) अनुज वर्मा तहसील रीठी का नाम शामिल है। इन गैस संचालकों द्वारा नोटिस प्राप्त होने के उपरांत भी निर्मित गैस गोदाम, भवन में एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत फायर प्लान एप्रूवल हेतु आवेदन प्रस्तुत नही किया गया।

### मात्र 5 संचालकों ने किया आवेदन

एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत फायर प्लान एप्रूवल हेतु अपर कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी नोटिस के अनुसरण में जिले की जिन 5 गैस गोदाम के संचालकों द्वारा ई - नगर पालिका पोर्टल में आवेदन प्रस्तुत किया है उनमे इंद्रा भारत गैस एजेंसी रीठी, शांति गैस एजेंसी हदरहटा बरही, सांई गैस एजेंसी विजयराघवगढ, सत्य साई गैस एजेंसी बहोरीबंद एवं शुभ भारत गैस स्लीमनाबाद का नाम शामिल है।

### ऐसे समझें जुर्मानें का गणित

19 गैस गोदामो संचालको निर्धारित समयावधि के अंदर फायर प्लान एप्रूवल हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं करने पर मध्यप्रदेश नगरीय विकास एवं आवास विभाग का 16 दिसंबर 2022 के पश्चात 2 माह अर्थात 16 फरवरी 2023 तक फायर प्लान तैयार कर अग्निशमन प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं किये जाने पर 16 फरवरी 23 से 15 फरवरी 2024 तक (365 दिवस) 500 रूपये प्रतिदिन की दर से 1 लाख 82 हजार 500 रूपये एवं 16 फरवरी 24 से 29 मई .2024 तक (104 दिवस) 1000 रूपये प्रतिदिन की दर से 1 लाख 4 हजार रूपये इस प्रकार कुल 2 लाख 86 हजार 500 रूपये का अर्थदंड शेष 19 गैस गोदामो संचालको को पृथक - पृथक अधिरोपित किया गया है।

### 7 दिन का समय, होगी कार्यवाही

उक्त 19 गैस गोदाम संचालकों को उपरोक्त अर्थदंड की राशि सात दिवस के अंदर संबंधित नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत निकाय के कोष में जमा कराते हुये रसीद व चालान की प्रति एवं फायर प्लान एप्रूवल हेतु आवेदन तत्काल प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। आवेदन प्रस्तुत न करने की स्थिति में एकस्पलोसिव एक्ट एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

### अवैध खनिज उत्खनन 12 लाख का जुर्माना

कलेक्टर अवि प्रसाद ने ग्राम झलवारा तहसील कटनी और स्लीमनाबाद के ग्राम पड़वार में अवैध खनिज उत्खनन के दो अलग-अलग मामलों में कारण बताओ नोटिस जारी कर समेकित रुप से 12 लाख 9 हजार 500 रूपए का जुर्माना लगाया है। कलेक्टर ने जुर्माने की यह राशि अवैध खनन, परिवहन , तथा भंडारणकर्ता को 15 दिन के भीतर जमा कर चालान की प्रति प्रस्तुत करने निर्देशित किया है, अन्यथा 23 जुलाई को समक्ष में उपस्थित होकर कारण दर्शित करने कहा गया है कि क्यों न कुल शास्ति की दोगुनी राशि क्यों न अधिरोपित की जाय।

कलेक्टर कोर्ट में अवैध खनिज उत्खनन के प्रचलित एक मामले में मैक्सवेल इंजीनियरिंग शास्त्री नगर कानपुर निवासी विवेक त्रिपाठी बररा कानपुर और लार्सन एंड टर्बो कंस्ट्रक्शन हाल मुकाम पडरिया एन के जे द्वारा ग्राम झलवारा तहसील कटनी के खसरा नंबर 2911 के अंश भाग में अवैध मुरूम खनिज मात्रा 654घन मीटर के अवैध उत्खनन का प्रतिवेदन खनिज शाखा द्वारा कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिसमें पोकलेन मशीन को जब्त कर सरपंच झलवारा की सुपुर्दगी में दिये जाने का उल्लेख किया गया है। अवैध खनन के इस मामले में कलेक्टर ने मामले की सुनवाई करते हुए अवैध खनित खनिज की रायल्टी का 15 गुना 4 लाख 83 हजार रुपए और पर्यावरण क्षति पूर्ति के तौर पर 4 लाख 83 हजार रुपए और प्रशमन शुल्क एक हजार रुपए को मिला कर 9 लाख 68 हजार 500 रूपए की अर्थशास्ति अधिरोपित किया है।

जबकि एक और अन्य प्रकरण में कलेक्टर ने स्लीमनाबाद के ग्राम पड़वार के खसरा नंबर 1106/के अंश भाग में अवैध खनिज लेटराइट 100 टन अवैध खनन करने संबंधी प्रतिवेदन खनिज शाखा ने 21 जून को प्रतिवेदित किया। इसके आधार पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने अर्थ शास्ति के रूप में रायल्टी का 15 गुना 1 लाख 20 हजार रुपए और पर्यावरण क्षति पूर्ति के तौर पर 1 लाख 20 हजार रुपए सहित 1 हजार रुपए प्रशमन शुल्क को मिला कर कुल 2 लाख 41 हज़ार रुपए का जुर्माना लगाया है।

### 15 दिन में जमा करें जुर्माना

कलेक्टर ने अवैध माइनिंग के इन दोनों मामलों में किये गए जुर्माने की राशि अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारणकर्ता को 15 दिन के भीतर जमा कर चालान की प्रति प्रस्तुत करने निर्देशित किया है, अन्यथा 23 जुलाई को समक्ष में उपस्थित होकर कारण दर्शित करने कहा गया है कि क्यों न कुल शास्ति की दोगुनी राशि क्यों न अधिरोपित की जाय।

## तीन आदतन अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई, हर महीने दो दिन देनी होगी पुलिस थाना में हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद ने तीन आदतन अपराधियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित पुलिस थाना में एक साल की अवधि तक प्रतिमाह दो दिन उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश पारित किया है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने तीन आदतन अपराधियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कटनी से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है।

इनमें हिरवारा थाना एन के जे निवासी 30 वर्षीय गोलू उर्फ मनीष यादव द्वारा वर्ष 2015से मार्च 2024 तक कुल 12 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हुए हैं। जिनमें गाली-गलौज,जान से मारने की धमकी देना, शराब की बिक्री एवं चोरी करना, अवैध कट्टा चाकू रखना जैसे आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होकर सार्वजनिक सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था भंग करने से रोकने के लिए गोलू उर्फ मनीष यादव को एक साल की अवधि तक प्रतिमाह दो दिन एन के जे पुलिस थाना में उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश पारित किया है।

इसके अलावा एक अन्य मामले में नयागांव थाना एन के जे निवासी आदतन अपराधी अमित पैगवार उम्र 33 वर्ष द्वारा वर्ष 2010 से मार्च 2024 तक कुल 11आपराधिक प्रकरण दर्ज हुये हैं। जिसमें चोरी, गुंडागर्दी, अवैध हथियार के माध्यम से गोलू ने क्षेत्र में आतंक और भय का माहौल बना रखा है ।गोलू के इस कृत्य को रोकने के लिए कलेक्टर श्री प्रसाद ने एक साल की अवधि तक प्रतिमाह दो दिन एन के जे पुलिस थाना में हाजिरी देने का निर्देश दिया है।

वहीं ग्राम जगुआ थाना बरही निवासी 40वर्षीय भैया लाल बसोर उर्फ राजू बसोर के आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने कलेक्टर श्री प्रसाद ने आगामी एक साल की अवधि तक प्रतिमाह दो दिन पुलिस थाना बरही में उपस्थिति देने का आदेश पारित किया है।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## नशे से दूर रहने किया जागरूक, बताये दुष्परिणाम, बढ़ती संख्या है चिंताजनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर रेड रिबन क्लब, एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एस के खरे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉक्टर एस के खरे ने कहा कि नशीली दवाओ के दुरुपयोग की समस्या वैश्विक स्तर पर भयानक रूप से फैल चुकी है। नशीली दवाओ के दुरुपयोग से मनुष्य के मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ शारीरिक सेहत पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। पीड़ति व्यक्ति को पारिवारिक व सामाजिक अलगाव और लोगों की उपेक्षा का सामना भी करना पड़ता है। डॉक्टर खरे ने कहां की नशा नाश का कारण है, नशा से दूर रहने की आवश्यकता है। नशीली पदार्थों के सेवन से बचने की जरुरत है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों को नशे से मुक्त कराने और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि नशीले दवाओ,पदार्थों का सेवन करने वालों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। जो की चिंता का विषय है। उन्हें जागरूक करने की आवश्यकता है। अनिकेत द्विवेदी, ने कहा कि नशा, एक ऐसी बीमारी है जो कि युवा पीढ़ी को लगातार अपनी चपेट में लेकर उसे कई तरह से बीमार कर रही है।

शराब, सिगरेट, तम्बाकू एवं ड्रग्स हेरोइन, गांजा, भांग आदि जहरीले पदार्थों का सेवन कर युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा नशे का शिकार हो रहा है। आज फुटपाथ और रेलवे प्लेटफार्म पर रहने वाले बच्चे भी नशे की चपेट में आ चुके हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार खरे ने महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ सभी को दिलाई गई।

## कैरियर मार्गदर्शन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विशेष चर्चा

## कैरियर मार्गदर्शन को लेकर विद्यार्थियों से की गई चर्चा, किया गया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



पीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर आबकारी विभाग में उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ अतुल कुटार उमरियापान सीएम राइज विद्यालय पहुँचे। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ कैरियर मार्गदर्शन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर भी विशेष चर्चा की।

उन्होंने पीएससी परीक्षा में लिए गए विषयों व परीक्षा की तैयारी के संबंध में अपने संस्मरण बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि, हम कितने घंटे पढ़ते हैं, यह महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि हम किस प्रकार पढ़ते हैं, यह महत्वपूर्ण है। हमें बिना भय के कोशिश करनी चाहिए, साथ ही हमें कैरियर के विभिन्न विकल्पों एवं अवसरों का चुनाव करके रखना चाहिए।विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उनके आत्मविश्वास को जगाने के लिए विभिन्न उदाहरणों और दृष्टांतों के माध्यम से अपनी बात रखी। पीएससी की सिविल परीक्षा में प्रारंभिक, लिखित और साक्षात्कार के चरणों को उन्होंने विस्तार पूर्वक बताया। सीएम राइज प्राचार्य मुकेश पटेल ने बताया कि प्रत्येक महीने प्रशासनिक अधिकारियों व विशेष लोंगों को विद्यालय में बुलाकर विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए कार्ययोजना बनाई है। ताकि यहां अध्ययनरत बच्चों को बेहतर कैरियर के विकल्पों के बारे में सही जानकारी मुहैया कराई जा सके। विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़े और विद्यार्थी चुनौतियों से भली भांति परिचित हो सके।

## वाहन चालकों पर की गई चालानी कार्यवाही



बस स्टैण्ड उपथाना पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान दोपहर दो पहिया व चार पहिया वाहनो के दस्तावेजों की सघन जाँच कार्यवाही की गई। 12 वाहन चालको के पास पूर्ण दस्तावेजो की कमी पाई गई जिनके विरुध चलानी कार्यवाही की गई और लगभग 3600 रुपये राशि वसूल किये गए।

## युवाओं ने पौधारोपण कर सुरक्षा का लिया संकल्प

# 3 सैकड़ा पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



पर्यावरण एवं वन्य प्राणी प्रेमियों ने करौंदी क्षेत्र में पौधारोपण किया। बुधवार को नीम, आँवला और कटहल के पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।वन्य प्राणी प्रेमी नमन चौरसिया ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस से लगातार पौधारोपण जारी है। पहले चरण में 200 पौधें जबकि दूसरे चरण में 100 अलग अलग प्रजाति के पौधे रौपे गए। नमन चौरसिया ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु पौधारोपण आवश्यक है।

### तो संकट से होगा सामना

स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया कि वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी।उमरियापान नवांकुर संस्था के अंकित झारिया ने कहा कि पर्यावरण को बचाए रखने के लिए हर एक व्यक्ति को पौधा लगाना चाहिए। अगर समय रहते ही प्राकृतिक को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालों को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा।

### पौधारोपण करने प्रेरित

उन्होंने लोगों से सुरक्षित जीवन और पर्यावरण संतुलन के लिए पौधे लगाने और उनकी देखरेख करने की अपील की है। पौधारोपण में शिवा केवट, पंकज बर्मन, प्रयाग चौरसिया,सौरभ सेन, सचिन पटेल, हनी चौरसिया,आलोक चौरसिया, सचिन असाटी,चंकी पांडे,धन्नू ठाकुर सहित अन्य युवाओं की उपस्थिति रही।

## रीठी वन मंडल के बड़खेरा में चलाया पौधारोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बुधवार को वनमण्डलाधिकारी गौरव शर्मा के मार्गदर्शन में वनपरिक्षेत्र रीठी (वनमण्डल कटनी) के बढ़खेड़ा के कक्ष क्रमांक RF176 में वृक्षारोपण महोत्सव का आयोजन किया गया । जिसमें बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडेय, डीएफओ गौरव शर्मा एवं जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने वृक्षारोपण कर महोत्सव का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में जिला स्थायी वन समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि पप्पू मिश्रा, जनपद पंचायत वन समिति अध्यक्ष कमलेश कोल, जनपद पंचायत रीठी उपाध्यक्ष प्रकाश साहू, सीईओ जनपद पंचायत रीठी एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा स्कूली बच्चों ने पोधा रोपण किया। डीएफओ गौरव शर्मा द्वारा बताया गया की इस वर्ष वन विभाग द्वारा लगभग 14 लाख पौधो का जिले में रोपण किया जा रहा है। इस वर्ष विभाग की कोशिश है कि वृक्षारोपण को जन अभियान बनाया जाए तथा जन भागीदारी से पौधो को रोपण और रखरखाव किया जाए। माननीय विधायक ने न केवल पौधो को लगाने बल्कि उनकी देखभाल कर पेड़ बनने तक जिम्मेवारी लेने की बात कहीं। तथा वन विभाग द्वारा किए जा रहे रोपण की प्रशंसा भी की।

इस मौके पर पर्यावरण प्रेमी एवं आम लोगो ने भी कम से कम 2 पौधे लगाने का संकल्प किया। कार्यक्रम का संचालन वन परिक्षेत्र अधिकारी रीठी महेश पटेल ने किया। कार्यक्रम में दिनेश पटेल परिक्षेत्र सहायक बिलहरी, कृष्णकांत गर्ग, तुलसीदास मिश्रा आदि की उपस्थिति रही।

## ट्रक की टक्कर लगने के बाद ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



घंटाघर से भगवान जगन्नाथ चौक रोड पर लगे एक ट्रांसफॉर्मर में मंगलवार देर रात एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई। इसके बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के दौरान कुछ देर तक क्षेत्र की बिजली सप्लाई भी बंद रही।

स्थानीय रहवासियों ने बताया कि रात के समय क्षेत्र से निकल रहे ट्रक ने ट्रांसफॉर्मर को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक में आग लग गई। इस दौरान ट्रांसफॉर्मर से ऊंची-ऊंची की आग की लपटें उठने लगी। आग लगने की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने पानी की बौछार कर आग पर काबू पा लिया।

लोगों का कहना है कि शहर के अंदर रिहायशी और बाजार क्षेत्र में भगवान जगन्नाथ चौक से लेकर घंटाघर तक ट्रांसपोर्ट व्यापार संचालित हो रहा है। जिसके कारण दिन के समय लोडर वाहनों और रात के समय नो एंट्री खुलने के बाद भारी वाहनों की आवाजाही होती है। जिसके कारण दिन से लेकर रात तक हादसे की आशंका बनी रहती है।

## खबर संक्षेप

### भारत तिब्बत सहयोग मंच की हुई बैठक

**उमरियापान।** भारत तिब्बत सहयोग मंच की एक बैठक बुधवार को उमरियापान में हुई। जिसमें स्थानीय सदस्यों को मंच के आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की गई। बैठक में मंच के जिलाध्यक्ष रामदयाल गुप्ता ने कहा कि तिब्बत में स्थित देवाधिदेव महादेव के धाम कैलाश मानसरोवर करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। तिब्बत को चीन के कब्जे से छुड़ाकर एक बार फिर मानसरोवर को आजाद कराने के लिए भारत तिब्बत सहयोग मंच के माध्यम से हिंदुओं की आस्थाओं को बचाने के लिए कटिबद्ध है। इसी क्रम में अगामी सावन महीने में मप्र छत्तीसगढ़ संयोजक पूर्व विधायक गिरिराज किशोर पोद्दार के मार्गदर्शन में जिले में यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में महाकौशल प्रांत मंत्री दयाशंकर कनकने, जिला महामंत्री पर्वत सिंह परिहार, राजा हाके, अभय कनकने, नरेश असाटी, प्रमोद असाटी आदि उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक कुल 43.7 मिमी औसत वर्षा

**कटनी।** जिले में 1 जून से 2024 से बुधवार 26 जून 2024 तक कुल 43.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 24.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 19.1 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 26.जून 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी मे 43.4 मिलीमीटर, रीठी में 34.1, बड़वारा में 2.0 मिलीमीटर, बरही में 31.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 28.0 मिमी, बहोरीबंद मे 13.9 मिलीमीटर स्लीमनाबाद में 13.0 मिलीमीटर, ढीमरखेड़ा 29.9 मिलीमीटर वर्षा वर्षामापी केन्द्र में दर्ज की गई है।

### असत्यापित पंजीकृत कृषकों के रकवे का होगा सत्यापन

**कटनी।** ग्रीष्मकालीन उपार्जन वर्ष 2024-25 में मूंग एवं उडद के उपार्जन हेतु पंजीयन नीति अनुसार ई-पोर्टल पर पंजीकृत किसानों के असत्यापित रकवों के सत्यापन का कार्य किया जाना है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक ने पत्र के माध्यम से कटनी जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा तहसीलदारों को तहसील विजयराघवगढ़, बड़वारा, स्लीमनाबाद, बहोरीबंद, ढीमरखेडा एवं रीठी, बरही, कटनी नगर एवं कटनी के पंजीकृत किसानों के मूंग एवं उडद के असत्यापित रकवें का उपार्जन नीति अनुसार समय-सीमा में सत्यापन किये जाने का आग्रह किया है।

### अनुकंपा नियुक्ति समिति की बैठक 2 जुलाई को

**कटनी।** अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण एवं परीक्षण के संबंध मे 2 जुलाई को अपरान्ह 4 बजे से अनुकंपा नियुक्ति समिति की बैठक अपर कलेक्टर कक्ष मे आयोजित की गई है। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति शर्मा द्वारा आयोजित बैठक में प्रभारी अधिकारी स्थपना शाखा, जिला कोषालय अधिकारी , जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला रोजगार अधिकारी, जिला संस्थागत वित्त अधिकारी सहित संबंधित कार्यालयों के विभाग प्रमुखों से आयोजित बैठक मे निर्धारित समय पर प्रकरणों के निराकरण, परीक्षण की कार्यवाही हेतु उपस्थित रहनें हेतु निर्देशित किया गया है।

### सवा किलो गांजा जब्त

**कटनी।** गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे एक तस्कर को रीठी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि डांग चौराहे पर एक व्यक्ति गांजा लिए खड़ा है। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के देखकर यह यहां से भागने लगा। पुलिस ने दौड़कर उसे पकड़ते हुए उसकी तलाशी की। आरोपित की पहचान राम प्रसाद भुमिया के रूप में हुई। तलाशी में उसके पास से सवा किलो गांजा बरामद किया गया। इसकी कीमत 14 हजार रुपये बताई जा रही है।

## अंतिम संस्कार कर लौटते समय हुआ हादसा, युवक को ट्रक ने रौंदा

# अलग अलग सड़क हादसों में 3 महिलाओं सहित युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

कोतवाली थाना क्षेत्र के कैलावरा फाटक के आगे मंगलवार देर रात एक ट्रक ने बेकाबू होकर घर के बाहर बैठे एक युवक को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। बुधवार को युवक के पोस्टमॉर्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कैलावरा फाटक क्षेत्र निवासी राहुल पिता लोली कोल 25 वर्ष रात के समय घर के बाहर बैठा। उस समय रिवर्स लेने के दौरान एक ट्रक बेकाबू होकर उसके पैर चढ़ गया। इसके बाद चालक ट्रक को आगे की और ले जाकर युवक को कुचलते हुए निकल गया। जिसके




कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

### दो दिन बाद था तिलक आयोजन

राहुल के परिजनों ने बताया कि उसका 28 जून को तिलक और 12 जुलाई को पुरैनी में शादी होनी थी। उसके पहले ही वह हादसे



का शिकार हो गया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ट्रक को जब्त कर थाने में खड़ा कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### पत्नी सहित दो बहनों की मौत

इसी तरह गायत्री नगर क्षेत्र निवासी एक परिवार हादसे का शिकार हो गया जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि पति की चिता को अग्नि दे कर कर लौट रही पत्नी व उनके परिवारजन सड़क हादसे का शिकार हो गये। जानकारी के अनुसार एंबुलेंस में बैठी पत्नी व उनकी दो बहनों की रीवा बाईपास के पास एंबुलेंस पलट जाने से मौत हो गई। तीनों बहनों होने की खबर जैसे ही कटनी पहुंची तो समूचे क्षेत्र में खलबली मच गई। हादसे का शिकार हुआ परिवार कटनी के गायत्री नगर का रहने वाला बताया जा रहा है। सूत्र बताते है की किशन सिंह चौहान रेलवे एम्पलाई थे। लंबे समय से बीमार थे। एक दिन पहले उनका स्वर्गवास हो चुका था। उनके अंतिम संस्कार के लिऐ परिवार इलाहाबाद पहुंचा था।

संस्कार के बाद लौटते समय रीवा बाईपास में चोरहटा थाना क्षेत्र में शाम 4 बजे के आसपास एंबुलेंस ट्रक से टकराई। ट्रक से एंबुलेंस की टक्कर होने के बाद एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पलट गई जिसके कारण उसमे बैठी उनकी पत्नी व उनकी बहनों की मौत हो गई। घटना में अन्य तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हुई है। जिनका इलाज रीवा में चल रहा है।



## घर-घर जाकर बच्चों के स्वास्थ्य की होगी जाँच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

जिले में "दस्तक सह स्टॉप डायरिया" का अभियान 27अगस्त 2024 तक चलाया जाएगा। इसमें बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार,रेफरल सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में प्रतिवर्ष दस्तक अभियान संचालित किया जाता है। अभियान का प्रमुख उद्देश्य बाल मृत्यु प्रकरणों में कमी लाना है।

दस्तक अभियान के अन्तर्गत बीमार नवजातों और बच्चों की पहुँच, प्रबंधन एवं रेफरल एवं अस्पताल से छुट्टी प्राप्त बच्चों का फोलोअप किया जाएगा। 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों में विटामिन 'ए' की खुराक का अनुपूरण और 0 से 5 आयु वर्ष के बच्चों में दस्त की पहचान एवं नियंत्रण के लिये ओ.आर. एस. एवं जिंक का वितरण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही 0-5 आयु वर्ष के बच्चों में निमोनिया, जन्मजात विकृतियों एवं वृद्धि विलम्ब, गंभीर कुपोषण की त्वरित पहचान और प्रबंधन का कार्य किया जाएगा। 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों में गंभीर अनीमिया की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन के साथ शिशु एवं बाल आहारपूर्ति सम्बन्धी समझाइश समुदाय को दी जाएगी।

आंशिक रूप से टीकाकृत बच्चों या टीकाकरण से छूटे बच्चों की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक निदानात्मक कार्रवाई की जाएगी। 5 वर्ष तक के बच्चों में श्रवण बाधिता और दृष्टिदोष की पहचान एवं उपचार का कार्य किया जाएगा। समस्त चिन्हांकित अनीमिक बच्चों में सिकल सैल अनीमिया की पहचान की जाकर उपयुक्त व्यवस्था की जाएगी।

**मंत्री ने परिजनों को बेहतर इलाज का दिलाया भरोसा**

## एसएएफ बटालियन कैंप कटनी के दुर्घटनाग्रस्त हेड कांस्टेबल एयर एंबुलेंस से भेजा गया भोपाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा से जबलपुर के डुमना विमान तल से सड़क दुर्घटना में घायल पुलिसकर्मी ललित राय को उपचार के लिये एम्स भोपाल भेजा गया। 18 एस ए एफ बटालियन शिवपुरी के कटनी कैंप एफ पुलिस लाइन में हेड कांस्टेबल के पद पर पदस्थ श्री राय का बीते 7 जून को रात्रि करीब 8.20 बजे बोलेरो वाहन की टक्कर से एक्सीडेंट हो गया था। श्री राय अपने शासकीय मोटर साइकिल से पुलिस लाइन कैंप जा रहे थे तभी पुलिस पेट्रोल पम्प झिंझरी के पास दुर्घटना घटित हो गई। श्री राय को जबलपुर में एपेक्स हॉस्पिटल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया था। श्री राय को बुधवार को एपेक्स हॉस्पिटल से एम्बुलेंस द्वारा डुमना एयरपोर्ट ले




जाया गया। जहाँ से उन्हें पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा द्वारा भोपाल एम्स में बेहतर उपचार हेतु भेजा गया।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह स्वयं डुमना विमान तल पर श्री राय के भोपाल एयर एंबुलेंस से रवानगी के मौके पर स्वयं मौजूद रहे और परिजनों और उनके पुत्र अमन राय से उनके पिता ललित राय की जल्दी स्वस्थ्य होने और बेहतर उपचार का भरोसा दिलाया।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रदेश में पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत किये जाने के बाद आपात स्थिति में उपचार के लिये पीड़ित को इस सेवा का उपयोग कर उच्च चिकित्सा संस्थान भेजे जाने का यह प्रदेश का तीसरा मामला है। जिसमें कटनी जिले के एस ए एफ बटालियन शिवपुरी के कैंप कटनी के दुर्घटनाग्रस्त हेड कांस्टेबल ललित राय को पीएम श्री एयर एंबुलेंस से भोपाल एम्स इलाज हेतु भेजा गया है। इसके पहले बीते दिनों रीवा से मऊगंज जिले के गोविंदलाल तिवारी को आपात स्थिति में ह्रदय रोग के उपचार हेतु पीएम श्री एयर एंबुलेंस से भोपाल ले जाया गया था । जबकि पन्ना जिले के नागरिक रामगोपाल तिवारी को मध्यप्रदेश सरकार की पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा के माध्यम से खजुराहो से भोपाल एयरलिफ्ट कराकर उन्हें उच्च स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई। बुधवार को पुलिस हेड कांस्टेबल ललित राय, जो जबलपुर के निजी चिकित्सालय में उपचाररत थे, उन्हें आपात स्थिति में एयर एंबुलेंस सेवा से उपचार हेतु भेजे जाने वाले तीसरे हितग्राही हैं।

## किसानों की विद्युत समस्या का किया गया निराकरण



भारतीय मानवाधिकार एसोशिएशन द्वारा ग्राम लिगरी, स्लिमनाबाद के किसानों की विद्युत समस्या को पॉवर हाउस में जे.ई. व ए.ई. से मिलकर किसानों की ट्रांसफार्मर संबंधी समस्या का निराकरण कराया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शरद विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष डा अभिषेक अधिकारी, जिला महिला सचिव सीमा चौधरी, डा कमलेश विश्वकर्मा, तहसील अध्यक्ष राजेश हल्दकार, मीडिया प्रभारी अमित विश्वकर्मा एवं ग्रामीण किसान उपास्थित किसान शंकर कुशवाहा सुशील कुशवाहा राम सिंह ठाकुर भारत कुशवाहा लक्ष्मण कुशवाहा मुन्ना कुशवाहा रवि चौधरी लकी कुशवाहा अवधेश कमला कुशवाहा संतोष कुशवाहा टीकाराम कुशवाहा छोटे बर्मन तीरथ कुशवाहा पर पीतांबर कुशवाहा और पत्रकार अनिल दीवान अमित विश्वकर्मा सुग्रीव यादव अनिरुद्ध सोनी राजेश रैदास भी उपस्थित रहे। किसानों की समस्या का त्वरित निराकरण किये जाने पर आभार व्यक्त किया गया है।

## जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सहित छात्र छात्राओं ने भी किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

विजयराघवगढ़ वनपरिक्षेत्र में पौधारोपण महोत्सव के अवसर पर वन मंडल अधिकारी गोरव शर्मा के मार्ग दर्शन में पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष उदय राज सिंह चौहान मंडल अध्यक्ष मनीष देव मिश्रा पूर्व जनपद अध्यक्ष रंगलाल पटेल जिला एवं सत्र न्यायाधीश , न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, एसडीएम महेश मंडलोई, एसडीओपी के पी सिंह, जनपद सीईओ ब्रतेश जैन, सीएमओ नगर परिषद रामावतार पटेल , थाना प्रभारी रितेश शर्मा , बीएमओ डा०विनोद कुमार एवं अन्य डॉक्टर्स, सीएमओ नगर



परिषद कैमोर, जागेश्वर प्रसाद मिश्र, हंसराज सिंह ठाकुर, संत कुमार विश्वकर्मा, सरपंच टीकर, सरपंच बंजारी मो० अल्ताफ छोटे चच्चा, सरपंच खिरवा, वन समिति अध्यक्ष टीकर, बंजारी, खिरवा, वन समिति सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया।

साथ ही उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक, कन्या शाला के प्राचार्य राम निधि मिश्र, स्काउट गाइड प्रभारी ओ पी सोनी शिक्षक रवि बेन सहित छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर वृक्षारोपण किया। छात्राओं द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री जैन से पर्यावरण से संबंधित जिज्ञासा जाहिर कर प्रश्न पूछे।, पौधों के प्रकार, पौधों को लगाने का तरीका, पर्यावरण संरक्षण के बारे में वनपरिक्षेत्र अधिकारी विवेक कुमार जैन द्वारा छात्र छात्राओं के प्रश्नों का गंभीरता से उत्तर देते हुए समझाया गया।

**शासकीय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष ने पत्र लिखकर दी चेतावनी**

## नवीन शैक्षिक संवर्ग के क्रमोन्नति आदेश जारी नहीं होने पर 10 जुलाई से अनशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

जिले में वर्ष 1998 से नियुक्त होते रहे शिक्षाकर्मी, गुरूजी, संविदा शाला शिक्षक से अध्यापक होते हुए नवीन शैक्षिक संवर्ग (राज्य शिक्षा सेवा ) में नियुक्त हुए शिक्षक संवर्ग को प्रथम एवं द्वितीय वरिष्ठ वेतनमान (क्रमोन्नत वेतनमान) जो कि वर्ष 2018 से लेकर 2022 तक क्रमशः प्राप्त हो जाना चाहिए था, वह छह वर्ष से अभी तक लंबित है ।

शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने कलेक्टर कटनी, सीईओ जिलापंचायत, संयुक्त संचालक जबलपुर संभाग, जिला शिक्षा अधिकारी कटनी को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि नवीन शैक्षिक संवर्ग का शिक्षक एनपीएस के दायरे में आता है, और क्रमोन्नत वेतनमान प्राप्त होने पर उसके बढे हुए वेतन का 10 प्रतिशत संबंधित कर्मचारी के एनपीएस खाते में जमा होगा और उसी बढे हुए वेतन का 14 प्रतिशत शासन एनपीएस खाते में जमा करेगी और फिर उस राशि पर ब्याज मिलने का प्रावधान है, जिसका नुकसान नवीन शैक्षिक संवर्ग को लगातार होता जा रहा है।

शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश ने बार-बार पत्राचार करके वरिष्ठ अधिकारियों से इस हेतु अनुरोध किया, परन्तु आज दिनांक तक कटनी जिले में मामला शून्य ही है ।

इसी मुद्दे पर प्रदेश की विजयराघवगढ विधान-सभा के विधायक संजय सत्येद्र पाठक ( पूर्व उच्च शिक्षा राज्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन ) ने अपने तारांकित प्रश्न क्रमांक 2273 जिसका सदन में उत्तर देने का दिनांक 10 जुलाई 2024 है, द्वारा सदन में भी इस मामले को उठाया है , परन्तु अभी भी जिला स्तर और संभागीय स्तर पर ऐसी कोई विभागीय गतिविधियां परिलक्षित नहीं हो रहीं हैं, जिनसे यह विश्वास हो कि 10 जुलाई 2024 के पूर्व मध्यप्रदेश में नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान / वरिष्ठ वेतनमान का लाभ प्राप्त हो सकेगा ।

विभागीय अधिकारियों की इस तरह की गैरजिम्मेदाराना कार्यवाही से परेशान होकर राकेश दुबे प्रान्ताध्यक्ष शासकीय शिक्षक संगठन ने घोषणा की है कि यदि 09 जुलाई 2024 तक कटनी जिले में नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान / वरिष्ठ वेतनमान के आदेश जारी नहीं होते हैं, तो अपने संवर्ग के कर्मचारियों के आर्थिक हितों की रक्षा हेतु एवं माननीय विधान सभा जैसे सदन की गरिमा के सम्मान में 10 जुलाई 2024 से राकेश दुबे कार्यालय जिला कलेक्टर कटनी के समक्ष अनशन प्रारंभ कर देंगे और संगठन की समस्त जिला इकाईयां भी इसका अनुसरण करेंगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आयुक्त लोकशिक्षण भोपाल, संचालक लोकशिक्षण भोपाल के साथ-साथ कमिश्नर जबलपुर संभाग जबलपुर, कलेक्टर कटनी जिला कटनी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी, संभागीय संयुक्त संचालक लोकशिक्षण, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्यों की होगी, क्योंकि गोपनीय चरित्रावली के नाम पर विकासखण्ड एवं संकुल स्तरों पर भी इन शिक्षकों का पर्याप्त आर्थिक शोषण किया गया है ।

**ट्रांसपोर्टरों के व्यवस्थापन हेतु ननि ने आयोजित की बैठक**

## ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

शहर के विकास एवं यातायात व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने हेतु शहर में ट्रांसपोर्टरों के व्यवस्थापन को लेकर नगर निगम द्वारा बुधवार को महापौर प्रीति संजीव सूरी, एसडीएम प्रदीप मिश्रा निगमयुक्त विनोद कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में समस्त ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में महापौर सूरी एवं निगमायुक्त शुक्ल द्वारा सभी ट्रांसपोर्टरों से बात करते हुए कहा कि व्यवस्थापन हेतु सभी को अविलंब तीन दिवस में बिल्डिंग परमिशन दिया जाएगा एवं निगम द्वारा अन्य प्रकाश, पेयजल इत्यादि समुचित व्यवस्थाएँ भी की जा चुकी है अतः सभी जल्द से जल्द बिल्डिंग परमिशन लेते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ करें ताकि अन्य नये



ट्रांसपोर्टरों के व्यवस्थापन हेतु भी शासन से बात कर उनको भी व्यवस्थित किया जा सके। व्यवस्थापन में आने वाली अन्य समस्याओं जैसे आर्थिक सहायता हेतु बैंक ऑफ़ बड़ौदा के चीफ़ मैनेजर कपिल कुमार।यातायात की समस्याओं हेतु यातायात प्रभारी राहुल पांडेय ट्रांसफार्मर इत्यादि की समस्या हेतु एमपीईबी के संभागीय अभियंता मुकेश महोबे उपस्थित रहे एवं सभी अधिकारियों द्वारा संपर्क सूत्र देते हुए कहा गया की व्यवस्थापन में आने वाली किसी भी प्रकार की समस्या के निराकरण हेतु प्रशासन आपके साथ है। महापौर, एसडीएम निगमायुक्त द्वारा सभी से अपील करते हुए कहा है कि सभी ट्रांसपोर्टरों के व्यवस्थापन हेतु नगर निगम एवं प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी आप सभी से भी शहर के विकास हेतु सहयोग की अपील है।

बैठक में एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, प्र सहायक यंत्री सुनील सिंह, आदेश जैन, प्र स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी निगम के कर्मचारी एवं शहर के ट्रांसपोर्टरों की उपस्थिति रही।

## सुराप्रेमियों को लगाई फटकार, दुकानदारों को दी सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे बीती रात दलबल के साथ देर शाम थाना क्षेत्र के भ्रमण पर निकले। थाना क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए उन्होंने न केवल खुले में शराब पीते मिले शराब प्रेमियों को कड़ी फटकार लगाई बल्कि सड़क किनारे लगे ठेले वालों को और दुकानदारों को भी हिदायत देते हुए कहा की यदि शराब पीते, पिलाते या फिर बेचते पाए गए तो फिर आपकी खैर नहीं। क्षेत्र भ्रमण पर निकले कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं नशाखोरों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी श्रीरंजन से प्राप्त निर्देशों के



आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में पैदल क्षेत्र भ्रमण करते हुए अपराधिक गतिविधियों पर निगाह रखी जा रही है। उन्होंने कहा की आज तो भ्रमण कर के खुले में शराब पीने वालों एवं ऐसे उन दुकानदारों जिनके द्वारा अपनी दुकान के आसपास शराब पीने वालों को शराब पीने में मदद की जाती है। उन्हें समझाइस दी गई है। यदि समझाइस देने के बाद भी सुधार नहीं आता तो ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी

## मंजूषा गौतम को दी गई अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

**कटनी।** जन परिषद की कटनी चैप्टर की वूमेन विंग के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी श्रीमती मंजूषा गौतम मनोनीत को दी गई है। जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 35 वर्षो से सामाजिक एवम् रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ, कई अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है। संस्था पर्यावरण पर नौ अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 210 से अधिक एवम् विदेशो में 7 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवम् सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्तरूप दे रहे हैं।संस्था का मुख्य आधार मानवीय , सामाजिक एवम् राष्ट्रीय दृष्टिकोण है। श्रीमति मंजूषा गौतम के मनोनयन पर शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।

## खबर संक्षेप

### निर्यापक श्रमण मुनि श्री समता सागर का कुंडलपुर से हुआ विहार

**कुंडलपुर** । सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर से परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से निर्यापक श्रमण मुनि श्री समता सागर महाराज ,ऐलक श्री निश्चय सागर जी महाराज, ऐलक निजानंद सागर जी महाराज का विहार दिशा चातुर्मास हेतु पिन्डरई की ओर हुआ ।अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी मुनिश्री प्रबुद्ध सागर जी महाराज, सरल स्वभावी मुनि श्री निर्दोष सागर जी महाराज का विहार कुंडलपुर से हुआ । सभी की आहार चर्या पटेरा में संपन्न हुई ।

### प्रथम चरण में जिला स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण 28 को

**दमोह**। भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय नई दिल्ली द्वारा जन्म-मृत्यु पंजीयन का नया Revamped Portal के प्रथम चरण में जिला स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण 28 जून 2024 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से 04 बजे तक आयोजित किया गया है। जिला स्तरीय प्रशिक्षण को जनगणना कार्य निर्देशालय भोपाल के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण प्रदाय किया जाना हैं। जिला स्तर के इस प्रशिक्षण के पश्चात द्वितीय चरण में जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 जुलाई से 05 जुलाई 2024 तक दिया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी जिला योजना अधिकारी अलका दास ने दी।

### प्रतिषेध विनिमयन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही

**दमोह**। जिला बाल श्रम टास्क फोर्स समिति के सदस्यों द्वारा ज्वालामाई चौक दमोह में सामूहिक बाल एवं कुमार श्रम विमुक्ति अभियान चलाया गया, जिसमें प्रेम हार्डवेयर पर बाल श्रमिक कार्यरत पाया गया, जिसके ऊपर बाल एवं कुमार श्रम प्रतिषेध विनिमयन अधिनियम 1986 के अंतर्गत नियम अनुसार कार्यवाही की गई। जिसमे उपस्थित सदस्य बाल श्रम नोडल अधिकारी राहुल कुर्मी, बाल संरक्षण अधिकारी अखिलेश चौबे, पुलिस कांस्टेबल योगेन्द्र यादव एवं जन साहस संस्था सदस्य मुकेश नवीन उपस्थित रहे।

पुलिस ने किया खुलासा: एक आरोपी के अतिक्रमण पर आज होगी बुल्डोजर कार्यवाही

# तिहरे हत्याकांड मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, अन्य फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर सागर रोड पर देहात थाने के बांसा तारखेडा ग्राम में दो दिन पहले होमगार्ड सैनिक उसके बेटे तथा भतीजे की दिन दहाड़े दहशत फैलाते हुए गोलियां चलाकर हत्या करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जबकि एक आरोपी फरार है। बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने उक्त प्रकरण में हुई गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए बताया कि होम गार्ड सैनिक रमेश विश्वकर्मा उसके बेटे उमेश विश्वकर्मा एवं भतीजे विकास विश्वकर्मा की हत्या के मामले में मुख्य नामजद आरोपी राजाबाबू विश्वकर्मा, गोलू उर्फ विजय विश्वकर्मा तथा राजेंद्र विश्वकर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि सजल विश्वकर्मा एवं अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। उल्लेखनीय की उपरोक्त आरोपियों द्वारा पिस्टल से गोली मारकर तथा उमेश तथा विकास की हत्या करने पर थाना दमोह देहात में अपराध क्रमांक 500/24 धारा 307, 302, 341, 34 ताहि एवं 25/27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। जब्कि रमेश विश्वकर्मा के गले व हाथ में तलबार से कई वार एवं गोली मार कर हत्या पर थाना दमोह देहात में अपराध क्रमांक 501/24 धारा 307, 302, 341, 34 लाठि एवं 25/27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुवे आईजी सागर रेंज प्रमोद वर्मा एवं डीआईजी सुनील कुमार जैन के मार्गदर्शन में एसपी दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी के सतत निर्देशन में एएसपी संदीप मिश्रा के नेतृत्व में टीमों का गठन कर फरार आरोपियो की पतारसी एवं धरपकड़ हेतु रवाना किया गया था। सीएसपी अभिषेक तिवारी, देहात थाना प्रभारी रविन्द सिंह बागरी एवं थाना प्रभारी कोतवाली आनंद सिंह के द्वारा गठित टीमों को फरार हुये आरोपियों के मिलने के संभावित स्थानो पर रवाना किया गया था। मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य व सायबर सेल टीम की मदद से घटना कारित करने वाले आरोपियों में से 03 मुख्य आरोपियो को तलाश कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। घटना क्रम से संबंधित प्रत्येक पहलू पर पूछताछ जारी है एवं अन्य फरार आरोपियो की पता तलाश हेतु टीमें लगातार कार्यरत है।

#### अतिक्रमण पर आज होगी कार्रवाई

बांसा ट्रिपल मर्डर केस के आरोपियों द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की राजस्व विभाग द्वारा जांच किए जाने के दौरान एक आरोपी गोलू विश्वकर्मा का मकान सरकारी जमीन पर बना पाए जाने पर आज बुलडोजर कार्रवाई प्रस्तावित है । इसको लेकर कल ही बेदखली का नोटिस चस्पा कर दिए जाने की जानकारी सामने आई है।

### सुबह 10 से शाम 6 बजे तक खुलेंगे सभी कार्यालय

**दमोह**। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आदेश की पृष्ठभूमि जितना मैं जानता हूं वह यह है कि प्रदेश में अलग.अलग जगह पर कार्यालय खुलने के समय अलग.अलग थे कहीं 10 30 से 5 30 तक कहीं 10 से 5 था तो कहीं अन्य समय था। इसलिए आज पूरे मध्य प्रदेश के लिए यूनिफार्म समय लागू कर दिया गया है। एक जैसा समय सभी कार्यालयों के लिए हो गया है सुबह10 बजे से शाम को 6 00 बजे तक। यहां पर पहले से ही यही समय लागू है इसलिए हम लगातार इसका पालन कड़ाई से सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया आज कलेक्ट्रेट में आकस्मिक निरीक्षण किया था जिसमें जो अधिकारी कर्मचारी देर से आए हैं उन सभी की एब्सेंट लगाई गई है और उनके खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

### अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर होगी कार्यवाही

**दमोह**। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया सभी जगह है निर्देश दे दिए गए हैं और टीएलण बैठक में भी यह बता दिया जाएगा कि कई बार ऐसा भी होता है कि कोई अधिकारी मीटिंग में हो इस कारण से नहीं आ पाएए वह परिस्थितियां अलग हो सकती है लेकिन सामान्य तौर पर सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी समय पर कार्यालय पहुंचे और कार्यालय में पूरे समय रहे। उन्होंने कहा जो बिना किसी कारण के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहेंगेए उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों का किया निरीक्षण



**दमोह**। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत अधिकारियों द्वारा स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा हैं। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांदकपुर, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंडोरिया एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंडोरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि सत्र के प्रारंभ में विद्यालय संचालन के संदर्भ में दिये गये निर्देशों के तहत सभी प्राचार्यों के द्वारा पालन करना अनिवार्य है। शिक्षक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अभिभावकों तक संदेश भेजें कि विद्यालयों में पढ़ाई प्रारंभ हो गई हैं। उन्होंने कहा सभी विद्यार्थी नियमित विद्यालय आएं, मैसेज के साथ-साथ शिक्षक फोन के माध्यम से भी अभिभावकों से निरंतर बात करें। जिला शिक्षा अधिकारी नेमा ने कम उपस्थिति के कारण प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांदकपुर एवं शासकीय बालक हिंडोरिया के प्राचार्य को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया हैं।

## विधायक जयंत मलैया की अध्यक्षता में जनपद सभागार में हुई बैठक



**दमोह**। जनपद पंचायत के सभाकक्ष में पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया की अध्यक्षता में सामूहिक विवाहध्निकाह आयोजन के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि मप्र की निवासी कन्या जिसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हैए सम्मेलन में सम्मिलित हो सकतीं है। आवेदन 08 जुलाई 2024 तक जनपद पंचायत दमोह में जमा किये जायेंगे। जनपद पंचायत दमोह के अतिरिक्त मण्प्रण के अन्य ग्रामीण नगरीय निकाय की कन्या का आवेदन संबंधित जनपद पंचायत ध्नगर पालिका के प्रमुख की अनुशंसा के बाद जनपद पंचायत दमोह में जमा हो सकेंगे। वर.वधू की समग्र आईडी में ई.केवायसी होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ कन्या एवं वर की समग्र आईडी आधार कार्ड उम्र प्रमाण हेतु अंकसूची स्थानांतरण प्रमाण पत्र वोटर कार्ड चिकित्सक का प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र कल्याणी ;विधवा होने की स्थिति में पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्रए परित्यकता होने की स्थिति में तलाक का न्यायालयीन आदेश संलग्न करना अनिवार्य है। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति कमल ठाकुर एसडीएम दमोह आरएल बागरी साजिद रिजवी विवेक अग्रवाल राजू नामदेव रीतेश सोनी काजी शाहिद अली संतोष रोहित मनीष तिवारी कमल सिंह ;राजू ठाकुर पार्षद कपिल सोनी सीएमओ प्रभारी नगर पालिका रितु पुरोहित सीएमओ हिण्डोरिया परियोजना अधिकारी कपिल खरे परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास शहारी एवं ग्रामीण समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारी श्रम निरीक्षक एवं मण्डी सचिव उपस्थित रहे।

## अभ्यारण से बाहर निकलकर तेंदूखेडा के जंगल क्षेत्र की ओर आया बाघ

**तेंदूखेड़ा**। वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के नोरादेही अभ्यारण्य से निकलकर एक बाघ ने फिर से दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लाक की ओर मूवमेंट किया है। हालांकि अभी यह पुष्टि नहीं हो पाई की यह बाघ पुराना है या जो अभी



नया अभ्यारण में आया है वह है। वनकर्मी खोज में लगे हैं। बता दें नोरादेही में इस समय 20 से अधिक बाघ हैं जिनमे केवल तीन लोगों को कालर आईडी लगी है बाकी बाघों की लोकेशन पदमार्क से ली जा रही है। तेंदूखेड़ा ब्लाक के जिस जंगली क्षेत्र में लोकेशन मिली है। यह एरिया नोरादेही की सीमा का है, लेकिन यदि बाघ थोड़ा भी इधर उघर मूमेंट करता है तो उससे लगा भाग तारादेही वन परिक्षेत्र में लगता है। सूत्र बताते है कि बाघ जिस जगह घूम रहता है वह कोसमदा और चदना ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने बाले गांव के जंगल में है वहां बड़ी खाई में बाघ रुका हुआ है जिसने बैल को अपना आहार बनाया है। वहीं जानकार यह भी बता रहे हैं कि बाघ शंभू और कजरी को इसी क्षेत्र में छोड़ा गया है और उन्ही दो में से एक बाघ उस क्षेत्र को छोड़कर इधर पहुंच गया है। वन अमला भी कह रहा है कि यह बाघिन कजरी है जो पहाड़ी उतर आई है उसकी हम लोग निगरानी कर रहे हैं।

## आचार्य महाराज ने क्या नहीं दिया सब कुछ दे दिया, प्रकाश पूरा का पूरा सर्वत्र फैला दिया: आचार्य श्री समय सागरजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डलपुर

सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य विद्या शिरोमणि परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा आचार्य महाराज एक बार संघ के लिए परमार्थ प्रकाश का स्वाध्याय करा रहे थे। सन 84 की बात हो सकती है जबलपुर में उसका परमार्थ प्रकाश का स्वाध्याय ।ग्रीष्माकाश में प्रातः और मध्यान में धवला का वाचन चलता था और धवला के वाचन के पश्चात परमार्थ प्रकाश का संघ के लिए स्वाध्याय कराया ।हमें लगता है थोड़ा सा भी हम कार्य करते हैं तो उसमें प्रतिकूलता का अनुभव करते हैं। जबकि उन्होंने कितना श्रम किया है अकेला होकर के इतना विशाल संघ का निर्माण किया है और स्वयं अपना भी कल्याण करके वह निकल गए हैं। प्रतिकूलताएं अनुकूलताएं है यह तो लगी हुई हैं अंतर अंतर बोध में कर्मों का उतार चढ़ाव देखने में आता है ।क्योंकि पूर्व में बंधा हुआ जो कर्म है वह अपने आप क्षय को प्राप्त नहीं होता अपने आप निर्जरा नहीं होती। किंतु निर्जरा करने के लिए कुछ साधन है जिन साधनों के माध्यम से निर्जरा होती है ।जैसे तपशा निर्जरा च ऐसा कहा तप के माध्यम से निर्जरा होती है। परीषहों के ऊपर विजय प्राप्त करने से भी निर्जरा होती है ।संवर भी होता है यह सारा का सारा विषय आगम के माध्यम से आस्था का विषय बन जाता है। जिसके अंदर आस्था है श्रद्धा है रुचि है तो उसके माध्यम से वह चारित्र के क्षेत्र में कदम बढ़ाता है। तो मुझे विस्मय होता है ग्रीष्म ऋतु में इतनी भयानक गर्मी पड़ रही है मडिया जी में पहाड़ चट्टान तपती है दिन भर रात में वह चट्टान ठंडी नहीं हो पाती और पुनः सूर्योदय हुआ तो वह चट्टान तपती रहती है लू चलती रहती है ।12 घंटा नहीं रात में भी लूं चलती रहती है इसके बावजूद भी दो-तीन बार वाचना वह एक दिन में करते थे। उन्होंने क्या नहीं दिया सब कुछ दे दिया प्रकाश पूरा का पूरा उन्होंने सर्वत्र फैला दिया और उसके उपरांत भी हमें कठिनाई का अनुभव होता है तो थोड़ा कष्ट तो होगा और परमार्थ प्रकाश पढ़ाते समय एक प्रसंग आया था ।योगेंद्र देव ने उसकी रचना की है परमार्थ प्रकाश की ।उसमें प्रसंग आया है केवल ज्ञान की विराटता को लेकर के जिस प्रकार आसमान में आसमान के किसी एक कोने में तारा दिखाई देती है आकाश में आकाश कितने प्रदेशीय है आकाश के अनंत प्रदेश होते हैं उस अनंत प्रदेशात्मक उस आकाश द्रव्य में एक कोने में तारा दिखाई दे रही है किंतु सर्वत्र ताराये नहीं होती हैं अनंत प्रदेश के बीच में जो लोकाकाश है 343 राजू गुण राजू प्रमाण विस्तार लोकाकाश है वह कैसा देखने में आता है जैसे आसमान के किसी कोने में तारा देखने मिल जाती तो आकाश बहुत लंबा चौड़ा है ओर छोर है नहीं अनंत प्रदेशात्मक है उसके बीच में यह तीन लोक खड़ा है तारे की भांति और आकाश जो अनंत प्रदेशीय है वह एक ही द्रव्य है ।आकाश द्रव्य अनेक नहीं है आकाश तक एक-एक द्रव्य हुआ करते हैं। धर्म द्रव्य और अधर्म द्रव्य एक आकाश अनंत प्रदेशीय जो आकाश है इस प्रकार के अनंत भी आकाश आ जाएं ,हैं नहीं परिकल्पना हम कर लें तब भी केवल ज्ञान रूपी आकाश में सारे के सारे समाहित हो जाते हैं। इतना विशाल रूप है केवल ज्ञान का अर्थ ये है केवल ज्ञान में ऐसा कोई भी ज्ञेय पदार्थ अवशिष्ट नहीं है जो ज्ञान का विषय नहीं बना हो। दूसरी बात ध्यान देने की बात यह है केवल ज्ञान उत्पन्न होने के प्रथम समय में सारा विश्व उनके केवल ज्ञान में आया है ।अब अनंतर समय के ज्ञान के विषय के लिए कोई नया ज्ञेय नहीं आएगा।

### कृषि उपज मंडी में 15 जुलाई को होगा कन्या विवाह सम्मेलन

**दमोह**। जनपद पंचायत दमोह के सभाकक्ष में पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया की अध्यक्षता में सामूहिक विवाह/निकाह आयोजन के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि म.प्र. की निवासी कन्या जिसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है, सम्मेलन में सम्मिलित हो सकतीं है। आवेदन 08 जुलाई 2024 तक जनपद पंचायत दमोह में जमा किये जायेंगे। जनपद पंचायत दमोह के अतिरिक्त म.प्र. के अन्य ग्रामीण/नगरीय निकाय की कन्या का आवेदन संबंधित जनपद पंचायत/नगर पालिका के प्रमुख की अनुशंसा के बाद जनपद पंचायत दमोह में जमा हो सकेंगे। वर-वधू की समग्र आईडी में ई-केवायसी होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ कन्या एवं वर की समग्र आईडी, आधार कार्ड, उम्र प्रमाण हेतु अंकसूची/ स्थानांतरण प्रमाण पत्र/ वोटर कार्ड/ चिकित्सक का प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, कल्याणी (विधवा) होने की स्थिति में पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यकता होने की स्थिति में तलाक का न्यायालयीन आदेश संलग्न करना अनिवार्य है। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति कमल ठाकुर, एसडीएम दमोह आर.एल. बागरी, साजिद रिजवी, विवेक अग्रवाल, राजू नामदेव, रीतेश सोनी, काजी शाहिद अली, संतोष रोहित, मनीष तिवारी, कमल सिंह (राजू ठाकुर), पार्षद कपिल सोनी, सीएमओ प्रभारी नगर पालिका रितु पुरोहित, सीएमओ हिण्डोरिया, परियोजना अधिकारी कपिल खरे, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास (शहारी एवं ग्रामीण), समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारी, श्रम निरीक्षक एवं मण्डी सचिव उपस्थित रहे।

## खरीफ सीजन : जहां गिरा पानी वहां कई जगह बोनी शुरू, कहीं धान, उडदा, मक्का लगाने में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



नगर एवं क्षेत्र में मानसून आगमन के पहले ही खरीफ फसल की तैयारी तेज हो गई है। कोई किसान खेतों में रबी फसल के अवशेषों को जलाकर जमीन तैयार कर रहा है तो किसी के खेत में जुताई हो रही है। जमीन की उर्वरकता बढ़ाने के लिए किसान खेतों में गोबर का खाद डाल रहे हैं। मानसून पूर्व खेतों में जुताई के लिए खेत सुधारने का काम शुरू हो गया है। आपको बता दें कि क्षेत्र मै परंपरागत और आधुनिक दोनों तरह से फसल ली जाती है। सुविधा संपन्न किसान ट्रैक्टर व अन्य कृषि यंत्रों का जमकर उपयोग करते हैं। गांव में मेड़ बनाने, खेत सफाई का कार्य पखवाड़े भर से शुरू हो चुका है। कई किसान तो खेत में खाद भी डालने लगे हैं। सप्ताह भर के भीतर नगर को छोड़कर क्षेत्र में दो बार हुई हल्की बारिश से मिट्टी में नमी है। किसानों का कहना है कि बारिश होने का इंतजार है। खेत तैयार होने के बाद अच्छी बारिश होते ही बोनी कर दी जाएगी। कहीं. कहीं खरीफ फसल की बुवाई भी शुरू हो गयी है, जबकि पिछले साल इस समय तक खरीफ फसल शुरुआत नहीं हो सकी थी। पिछले दिनों से ही किसानों की टकटकी आसमान की ओर लगी है।

#### खेतों की सफाई और जुताई में जुटे किसान

मानसून के नजदीक आते ही किसानों ने खरीफ फसल के लिए खेतों की सफाई और जुताई शुरू कर दी है। इस सीजन अच्छी बारिश की उम्मीद जताई जा रही है। किसानों ने खेतों में जुताई कर खाद आदि डालना शुरू कर दिया है। खरीफ की फसलों में सोयाबीन , अरहर ,मक्का ,धान ,उरदा , मूंग, अन्य फसलें उगाई जाती है। किसान मिथिलेश अहबासी , राजकुमार ठाकुर , कमल यादव ,अंकित सींग , मंगल आदिवासी आदि का कहना है कि किसान मानसून के साथ जुआ खेलते हैं। मानसून ठीक रहने से खेती अच्छी होती है। शुरूआत मैं वर्षा नहीं होने से केवल खेत की जुताई ही हुई थी। लेकिन कुछ जगह खेतों मै नमी के चलते मक्का एवं उर्दा की बोनी कर दी गई है।

#### हर साल बढ़ रही लागत

किसानों का कहना है कि ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, थ्रेसर आधुनिक मशीनों के आ जाने से मजदूरों पर निर्भरता काफी हद तक कम हो गई है। खेती करना पहले से सरल जरूर हो गया है, लेकिन लागत भी काफी हद तक बढ़ गई है। ट्रैक्टर की बहु उपयोगिता ने परंपरागत खेती के ढर्रे को पीछे छोड़ दिया है। 1 से 2 घंटे में मताई, मिंजाई का हो जाता है। यही वजह है कि अनेक लोग इसका उपयोग करने लगे हैं। समय से दवा का छिड़काव न हो, तो तैयार फसल भी खराब हो जाती है इसलिए किसानों को दवा और बीज की दुकानों पर देखे जा सकता है।

### श्री बड़ेबाबा विद्यासागर दयोदय गौशाला की प्रबंध कार्यकारिणी की घोषणा

**दमोह**। 25 जूनमंगलवार की रात्रि 9 बजे श्री दिगंबर जैन पंचायत भवन दमोह मैं श्री बड़े बाबा विद्यासागरदयोदय गौशाला समिति की प्रबंध कार्यकारिणी की घोषणा की गई। समिति केअध्यक्ष नरेंद्र जैन शक्ति, महामंत्री ज्ञानेंद्र इटोरिया और कोषाध्यक्ष सलिल लहरी मंटू को आपसी सहमति से उपाध्यक्ष पद केलिए सौरभ लहरी, सौरभ जैन अरिहंत, मंत्री पद के लिए सुधीर जैन.नीरज जैन को मनोनीत किया तथाप्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों में अंकुश जैन, लकी गांगरा, अनिमेष जैन, संदीपमोदी, वायनल चौधरी, अतुल भाटिया, राजेश जैन तथा विशेष आमंत्रित सदस्यसोनल को मनोनीत किया गया। इस कार्यक्रममें पंचायत के वरिष्ठ संरक्षक देवेंद्र सेठ, दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीरसिंघई, उपाध्यक्ष अनिल सिंघई, गौशालाके पूर्व अध्यक्ष मनीष मलैया एवं पूर्व महामंत्री आलोक पलंदी उपस्थित रहे। मंगलाचरण अंकुश जैन बनवार नेकिया एवं अंत में आभार सोनल सिंघई के द्वारा किया।


**न्यायालय सहायक अधीक्षक ,नजूल नवकरण जिला दमोह (म.प्र.)**

**इश्तहार**

**राजस्व प्रकरण क्रमांक:- 0014/अ-6 वर्ष 2024-2025**

मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 (3) के अंतर्गत सर्व साधारण को इश्हार के जरिये सूचित किया जाता है कि नजूल शीट नं. नजूल शीट नं. 63-77 प्लाट नं. 147/1/1 रकवा 18450 वर्गफुट मे से 953 वर्गफुट भूमि पर सहधारक / धारक सचिन कुमार / भारत भूषण सखूजा सा. कमला नेहरू वार्ड, स्नेह नगर जबलपुर के नाम दर्ज है।

आवेदक श्री अभिषेक जैन / श्री राजकुमार जैन, सिविल वार्ड - 6 तह. व जिला के द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि नजूल शीट नं. 63-77 प्लाट नं. 147/1/1 रकवा 18450 वर्गफुट मे से 953 वर्गफुट वर्गफुट /डिस भूमि पर रजिस्टर्ड विक्रयपत्र MP08922024A1329514 दिनांक 15/03/2024 के आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

यदि उपरोक्त प्लॉट पर आवेदक का नामांतरण होने में किसी व्यक्ति या भूमि से हित रखने वाले किसी पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं लिखित अथवा विधिक प्रतिनिधि द्वारा इस न्यायालय में विज्ञप्ती प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जा सकेगी।

इश्तहार आज दिनांक 13/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**सहा अधीक्षक**
**नजूल नव. दमोह**